विदेशी एवं एन. आर. आई. पर्यटकों की सुविधा हेतु हैल्पलाइन एवं नियत्रंण कक्ष स्थापित

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
LK-02-4-04-2020-4.docx (http://103.203.138.54/news/205625/document/LK-02-4-04-2020-4.docx)

DESCRIPTION

विदेशी एवं एन. आर. आई. पर्यटकों की
सुविधा हेतु हैल्पलाइन एवं नियत्रंण कक्ष स्थापित

जयपुर, 2 अप्रैल। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा संयुक्त राष्ट्र द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण को Pandemic घोषित करने तथा कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु व्यापक लोक हित में भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा सभी संभव प्रयास किये जा रहे हैं।

इसी परिप्रेक्ष्य में पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भारत के विभिन्न राज्यों में फंसे हुए पर्यटकों को उनके देश पहुंचाने में सहायता व उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु http://strandedinindia.com (http://strandedinindia.com) पोर्टल प्रारम्भ किया गया है। विदेशी एवं एन.आर.आई पर्यटक इस पोर्टल पर अपनी लोकेशन एवं अपनी समस्या दर्ज करवा सकते हैं तथा पोर्टल पर दिये गये हैल्पलाईन नम्बर्स एवं नियंत्रण कक्ष (COVID-19 Helpline Number : +91-11-23978046 or 1075,Helpline Email ID : ncov2019@gov.in, ncov2019@gov.com) से सम्पर्क भी कर सकते हैं। नियंत्रण कक्ष 24 घण्टे कार्यरत है।

पर्यटन विभाग के निदशेक डॉ. भंवरलाल ने बताया कि विदेशी एवं एन. आर. आई. पर्यटकों द्वारा प्राप्त विवरण के आधार पर पर्यटन विभाग के अधिकारियों द्वारा उनसे सम्पर्क किया जायेगा तथा पर्यटक की इच्छानुसार भारत सरकार अथवा उनके दूतावास की सहायता से लॉकडाउन अवधि अथवा उसके पश्चात् फ्लाईट उपलब्धता के आधार पर उनके देश वापस पहुंचाने में पर्यटन विभाग द्वारा मार्गदर्शन एवं सहयोग किया जा रहा है।

SUPPORTING IMAGES